# बारिश से पूर्व शांति नगर फोरलेन पूरा करने पर फोकस

- नीलगंगा से गेल चौराहे तक बन रही सड़क
- निगम आयुक्त ने झोंकी ताकत
- स्वय के हाथों से तोड़े लोगों ने आशियाने

**नवभारत न्यूज**

उज्जैन. बारिश के पहले जो काम पूरे करना है,उस पर अब अफसरों का फोकस हो चला है, खासतौर पर वो सड़के पूरी करना है, जहां जल जमाव की परिस्थितियों से जूझना पड़ता है, उसी में से एक सड़क नीलगंगा से नानाखेड़ा तक बनने वाली फोरलेन सड़क है जिसे तेज गति से निर्मित किया जा रहा है.

नीलगंगा से केटीएम शोरूम (नानाखेड़ा) तक के मार्ग का चौड़ीकरण कार्य प्रगति पर है.



सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत नगर निगम इस सड़क को आधुनिक और व्यवस्थित बना रहा है. ये मार्ग 2.76 किलोमीटर लंबा है.

**18 मीटर चौड़ाई :** ये मार्ग गेल इंडिया और केटीएम शोरूम (नानाखेड़ा) से शुरू होकर शांति नगर के रास्ते नीलगंगा तक जाता है. सड़क को 18 मीटर तक चौड़ा किया जा रहा है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर लगभग ?40 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं. चौड़ीकरण के साथ-साथ इस रोड पर सेंट्रल लाइटिंग, डिवाइडर और पाथवे (पैदल चलने का रास्ता) का निर्माण भी किया जा रहा है.

**यात्रियों को मिलेगी राहत:** नगर निगम की टीम द्वारा सेंट्रल लाइन मार्किंग का काम शुरू कर दिया गया है और मार्ग में आने वाले प्रभावित ढांचों को हटाने की प्रक्रिया भी जारी है. यह सड़क उज्जैन के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है और इसके चौड़ीकरण से नानाखेड़ा बस स्टैंड और इंदौर रोड की ओर जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी.



**टैंकरों से पेयजल:** नवभारत से चर्चा में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि सड़क निर्माण के तहत बिजली पानी की सुविधा प्रभावित होती है, ऐसे में वैकल्पिक इंतजाम किए गए,लाइट के पोल पुराने जो थे, उन्हें शिफ्ट कर दिया गया. नए पोल लगाए गए हैं, टैंकरों के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था की गई है.

## हाथों से तोड़े आशियाने

पुराने शहर को सिक्स लेन, फोर लेन से जोड़ने वाली ये शांति नगर वाली सड़क सिंहस्थ में काफी मुफीद साबित होगी, आयुक्त ने कहा कि लगभग 800 से ज्यादा मकान जो प्रभावित हुए हैं. उन लोगों से सामूहिक तौर पर न सिर्फ चौड़ीकरण में अपनी रजामंदी दी, बल्कि हाथों से अपने आशियाने तोड़े हैं,इनकी जितनी तारीफ की जाए वो कम है.

## एक नजर में

### चंद्रशेखर दवे राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत


**नागदा।** अखिल भारतीय औदीच्य महासभा द्वारा पं. चंद्रशेखर दवे को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पद पर मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. रवि ठक्कर द्वारा जारी पत्रानुसार यह नियुक्ति महासभा के संविधान के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण त्रिवेदी के निर्देश पर की गई है। दवे को नियुक्ति का प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर क्षेत्रवासी, ईष्ट मित्र एवं औदिच्य समाज में हर्ष का माहौल है। स्थानीय श्री सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज अध्यक्ष डॉ. प्रदीप रावल सहित समाजजनों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं तथा राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

### सेवानिवृति पर कलेसिया का किया सम्मान




**महिदपुर।** बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति द्वारा डॉ. बीआर अम्बेडकर मांगलिक भवन पर गंगाराम कलेसिया ग्राम सचिव धूलेट का 30 अप्रैल 2026 को 31 वर्ष ग्राम सचिव के पद पर रहकर सेवानिवृति होने पर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अजाक तहसील अध्यक्ष बीएल परमार, विजय सूर्यवंशी, वरिष्ठ समाज सेवी समिति उपाध्यक्ष विक्रमसिंह सोलंकी, रामचन्द्र, जोकचंद, सुरेश कलेसिया, आशाराम गेहलोत, बालूसिह वर्मा, गोपीलाल बामनिया, सुरेश दामेचा, नरेंद्र परमार, डॉ. जगदीश परमार, सलोनी परमार आदि असंख्य समाजजन उपस्थित रहे।

### श्री नरसिंह भगवान का प्रकटोत्सव मनाया



**महिदपुर।** नगर के एकमात्र अतिप्राचीन श्री नरसिंह मंदिर में लोहार सुतार जुना गुजराती पांचाल समाज द्वारा भगवान श्री नरसिंह का प्रकटोत्सव वैशाख सुदी 14, गुरुवार को मनाया गया। इसमें निम्न कार्यक्रम किये गये। प्रातः भगवान का अभिषेक, पूजन, हवन एवं सायंकाल महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण किया गया। यहां जानकारी मंदिर के पुजारी पंडित सत्यनारायण रावल द्वारा दी गई।

### सेवादल के राष्ट्रीय मुख्य संगठक को दी संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी

**घट्टिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक लाल भाई देसाई से गत दिवस पार्टी मुख्यालय दिल्ली में क्षेत्र के सेवादल, युवा कांग्रेस व पंचायती राज संगठन के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। युवा नेता पीयूष चौधरी की अगुवाई में दिल्ली पहुंचे पदाधिकारियों ने पार्टी के अन्य नेताओं से भी मुलाकात की। देसाई को भगवान श्री महाकालेश्वर का चित्र व स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सेवादल यंग ब्रिगेड जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. विजय बोडाना, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय समन्वयक रेणुका गांधी ने मध्यप्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था को वर्तमान सरकार ने कमजोर करने, किसानों को फसल के कम दाम मिलने सहित रोजगार के घटते स्तर, प्रदेश में छोटे स्कूलों की समस्या को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर धनंजय सिंह, मिथुन विश्वास, अभिषेक भाई, मसूद आलम आदि उपस्थित थे। जानकारी मीडिया प्रभारी हेमंत कोली ने दी।

### 15 दिवसीय हल्ला-गुल्ला शिविर का शुभारंभ




**इंदौर.** विजय नगर स्थित सारदा रामकृष्ण विद्या मंदिर परिसर में आज एक गरिमामय एवं संक्षिप्त समारोह के साथ 15 दिवसीय हल्ला-गुल्ला बाल नाट्य शिविर का शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन रामकृष्ण सारदा मिशन की प्रमुख प्रव्राजिका अमितप्राणा, वरिष्ठ संस्कृतिकर्मी जयंत भिसे और वरिष्ठ रंगकर्मी तपन मुखर्जी ने दीप प्रज्वलित कर किया. अपने संबोधन में प्रव्राजिका अमितप्राणा ने बच्चों को सन्मार्ग पर चलने, महापुरुषों की जीवनियाँ पढ़ने और बड़ों का आदर करने की प्रेरणा दी. जयंत भिसे* ने बच्चों को एकजुट रहने का संदेश देते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति है. आज के दौर में ज्ञान सबसे बड़ी ताकत है, इसलिए खूब पढ़ें और मानसिक रूप से मजबूत बनें. शिविर के प्रशिक्षक तपन मुखर्जी ने अपने पुराने अनुभवों को साझा करते हुए कहा हल्ला-गुल्ला से मेरा पुराना नाता है. मेरे बच्चों ने भी इसी शिविर से बहुत कुछ सीखा है और अब मैं स्वयं यहाँ बच्चों को प्रशिक्षित कर रहा हूँ. उन्होंने बच्चों से खेल-खेल में सीखने और शिविर का भरपूर आनंद लेने का आह्वान किया. प्रवीण जोशी ने बताया कि इस 15 दिवसीय शिविर में बच्चों को रंगमंच के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है. शिविर में 38 बच्चे सहभागिता कर रहे है।

# खेल में मेडल जीतने पर दीपिका शर्मा का सम्मान

**बड़नगर। सरस्वती विद्या मंदिर उमावि बड़नगर की छात्रा दीपिका मुकेश शर्मा ने कोलकाता में हाल ही में 3000 मीटर फर्स्ट नेशनल इनडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप ( अंडर 20 ) में तीसरा स्थान प्राप्त किया गया। उसकी इस उपलब्धि पर सरस्वती विद्या मंदिर उमावि के केशव माधव सभागृह में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जहां राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय और नगर का नाम रोशन करने पर दीपिका को प्रतीक चिन्ह भेंट कर और दुपट्टा एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया।**




सम्मान में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि संस्था सचिव आशीष शुक्ला, अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष अशोक कुमार गोधा, विशेष अतिथि उपाध्यक्ष प्रो. लक्ष्मण चेलाणी रहे। इस दौरान मंच पर प्राचार्य संगीता गंगराड़े, उप प्राचार्य देवेन्द्र प्रसाद शर्मा मंचासिन थे। दीपिका शर्मा ने फर्स्ट नेशनल इनडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अतिरिक्त पूर्व में खेलो एमपी 1500 मीटर, 24वीं जूनियर फेडरेशन कंपीटिशन में में स्थान बनाकर गौरव प्राप्त किया। नगर के लिए कई मेडल लाने वाली और मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली नगर की खिलाड़ी को विद्यालय में सम्मानित किया गया। खिलाड़ी दीपिका बाल्यकाल से सरस्वती विद्या मंदिर की छात्र रही है और उसकी इस खेल उपलब्धि में विद्यालय के खेल शिक्षक अजीत सिंह सोलंकी एवं आकाश भावसार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। माता पिता को भी अतिथियों ने पुष्पमाला से सम्मानित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यालय के विद्यार्थी एवं अभिभावक भी उपस्थित थे। सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी के चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया गया। सरस्वती वंदना श आशा परिहार, अतिथि परिचय मौसमी चौरसिया,स्वागत देवेंद्र प्रसाद शर्मा एवं श कविता मकवाना, शिशु विभाग के शिक्षण प्रमुख हिम्मत सिंह सिसोदिया, आभार अनिल चौहान ने माना।

# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में किया पौधारोपण



**घट्टिया।** आंगनबाड़ी केंद्र 4 पर शनिवार को लाड़ली लक्ष्मी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें योजना की लाभान्वित बालिकाओं को आमंत्रित कर बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण पत्र प्रदान कर बालिकाओं का सम्मान किया गया। इसी के साथ एक पेड़ लाडली के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। साथ ही बालिकाओं को उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी। इस प्रकार आज का उत्सव सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका सहित लाडली लक्ष्मी बालिकाएं, लाडली बहना, और आंगनवाड़ी के बच्चे उपस्थित थे।

# परशुराम जन्मोत्सव को लेकर तैयारी तेज

- महिदपुर-झारडा में चल रहा घर-घर जनसंपर्क अभियान

**महिदपुर।** 9 मई को आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं जगतगुरु शंकराचार्य जयंती महोत्सव को लेकर महिदपुर-झारडा क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। आयोजन की तैयारियों के तहत समाजजनों द्वारा जोर-शोर से जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद समाज के प्रतिनिधि पूरे उत्साह के साथ घर-घर पहुंचकर विप्र बंधुओं को पत्रक वितरित कर रहे हैं और कार्यक्रम की जानकारी दे रहे हैं। इससे समाज में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।



संयोजक सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भागवत आचार्य पं. श्याम स्वरूप मानावत मौजूद रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में बड़नगर विधायक जितेंद्रसिंह पंड्या शामिल होंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी गुलजारीलाल त्रिवेदी एवं उज्जैन नगर निगम की पार्षद माया राजेश त्रिवेदी सहित अन्य गणमान्यजन की उपस्थिति रहेगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर संयोजक सत्यनारायण शर्मा के नेतृत्व में प्रदीप पंड्या, महेश रावल, कमलेश उपाध्याय, विकास उपाध्याय, जगदीश उपाध्याय, संजय व्यास, उमा पांडे, श्याम शर्मा, अरुण शर्मा, चंद्रशेखर पंड्या, महेश पंड्या, संजय जोशी, डॉ. राजेश मेहता, पंकज शर्मा, रवि शर्मा सहित अन्य समाजजन ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रूप से जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

# पारुल बनीं वल्लभ वैष्णव महिला मंडल अध्यक्ष, मनीषा कार्यकारी अध्यक्ष

- निर्विरोध चुनी गई नई कार्यकारिणी, संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में संपन्न हुई चुनाव प्रक्रिया

**उज्जैन। वल्लभ वैष्णव महिला मंडल के चुनाव मंडल संस्थापक विट्ठल नागर के नेतृत्व में निर्विरोध संपन्न हुए। मीडिया प्रभारी हंसा दीपक राजवानी ने बताया कि चुनाव के पश्चात नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें पारुल शाह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है।**

मंडल की घोषित नई कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व मनीषा नागर को सौंपा गया है। वहीं वंदना जेथलिया पूर्णिमा शाह और माधुरी शाह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सचिव पद पर कामिनी शाह और सह सचिव पद पर अदिति नीमा निर्वाचित हुई हैं। कोषाध्यक्ष का दायित्व परेशा नीमा को और सह कोषाध्यक्ष का दायित्व दिव्या नागर को दिया गया है।

इसके साथ ही मंडल की विभिन्न समितियों के प्रभार भी सौंपे गए हैं।जन्मदिन समिति का प्रभार वीनु नीमा विवाह दिन समिति का प्रभार कविता श्रॉफ और रजिस्ट्रेशन समिति का दायित्व डिंपल नागर को सौंपा गया है। चुनाव प्रक्रिया नूपुर नीमा के फार्म हाउस पर हाई टी के साथ आयोजित की गई। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मंडल की महिलाओं ने बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

**एक नजर** सम्मान से अभिभूत होकर भावुक हुए ओम जैन, जाजम को नमन कर नि :शब्द जताया आभार

# मप्र गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष जैन का सकल जैन समाज ने किया बहुमान

**उज्जैन। मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष मनोनीत होने पर रविवार को ओम जैन का सकल श्वेतांबर जैन समाज द्वारा आत्मीय बहुमान किया गया। फ्रीगंज उपाश्रय में श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक तपागच्छ श्रीसंघ फ्रीगंज के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में समाज के सभी श्रीसंघों, ट्रस्टों, सोशल ग्रुप व संस्थाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार भी व्यक्त किया।**



शुभारंभ पारस जैन, वीरेन्द्र कावडिया, ओम जैन, संजय नाहर, सुभाष दुग्गड़, प्रकाशचन्द्र फागनिया और रमेश जैन ने दीप प्रज्वलन व नवकार मंत्र जाप के साथ किया। स्वागत भाषण में श्रीसंघ अध्यक्ष संजय नाहर ने ओम जैन से आग्रह किया कि समाज के विवाह व अन्य सामाजिक कार्यों के लिए शहर में उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने के प्रयास करें। इस मांग का उपस्थित समाजजनों ने तालियां बजाकर समर्थन किया।

**इन संस्थाओं व श्रीसंघों ने किया स्वागत:** समारोह में ओम जैन का श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक तपागच्छ श्रीसंघ फ्रीगंज, श्री हीरविजयसूरि बड़ा उपाश्रय, श्री ऋषभदेव छगनीरामजी की पेढ़ी, श्री छोटे साथ जैन ओसवाल समाज, श्री अवंतिपार्श्वनाथ मारवाड़ी समाज, श्री राजेन्द्रसूरि ज्ञान मंदिर, श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर अरविंदनगर, श्री आदेशवरचन्द्राप्रभूजी मंदिर नयापुरा, श्री जीरावला पार्श्वनाथ मंदिर सूरज नगर, श्री श्रेयांसनाथ राजेन्द्रसूरिश्वरजी मंदिर नयापुरा, श्री विमलनाथ मंदिर लक्ष्मीनगर, वर्धमान स्थानकवासी संघ नयापुरा, तेरापंथ समाज, जिन शासन सेवा परिवार और युवा संस्था के पदाधिकारियों एवं ट्रस्टीगणों ने शॉल, माला और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

**भावुक हुए ओम जैन, जाजम को किया नमन:** समाज के इस भव्य आत्मीय स्वागत से अभिभूत होकर ओम जैन भावुक हो गए। अध्यक्ष बनने के बाद जैन समाज के बीच अपने पहले उद्बोधन के दौरान उनका गला रुंध गया और आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने जमीन पर बिछी जाजम को नमन कर नि:शब्द होकर समूचे समाज का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ओलीजी के लाभार्थियों की ओर से 31-31 हजार की भेंट

कार्यक्रम में चैत्र मास की नवपद ओलीजी आराधना के लाभार्थी बाबूलाल धनराज डोडिया गांधी परिवार धूंबडिया अहमदाबाद की ओर से उज्जैन के सभी श्रीसंघों को साधारण खाते हेतु 31-31 हजार रुपये की राशि ओलीजी संयोजक एडवोकेट संजय नाहर ने प्रदान की। सभी श्रीसंघों ने संजय नाहर का स्वागत कर उन्हें अभिनंदन पत्र भेंट किया। इस अवसर पर जयंतिलाल फाफरिया, सुभाष कांठेड, संजय सूर्या, अनिल शेखावत, विनय बाफना, चन्द्रप्रकाश गादिया, विमल पगारिया, अभय जैन मामा, विनोद बरगोटा आदि उपस्थित थे। संचालन सुरेश जैन ने किया तथा सकल समाज की ओर से आभार अभय मेहता ने माना।